हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 12.00 डिग्री

16 विद्यार्थियों को बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम...



16 छात्रों ने किया अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, जंगल सफारी..





## खबर संक्षेप

### धान की रखवाली कर रहे बुजुर्ग के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम सलडीह में धान की रखवाली कर रहे बुजुर्ग के साथ मारपीट के आरोप में थाने में शिकायत दर्ज करायी गई है। ग्राम सलडीह निवासी पाला यादव ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर को वह अपनी बाड़ी में धान की रखवाली कर रहा था। रात करीबन 11:30 बजे उसके गांव का गजेंद्र बिसी आया और पुरानी बात को लेकर अशोभनीय गाली गलौज करने लगा, जिसे गाली देने से मना करने पर पाला यादव को हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किया, जिससे उसे चोट लगी है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी गजेंद्र बिसी के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### अवैध शराब के मामले में एक महिला सहित 2 के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पौंसरा में पुलिस ने अवैध शराब के मामले में एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस एनएच 53 रोड किनारे देवांगन ढाबा के सामने पौंसरा पहुंची, जहाँ कुंज बाई देवांगन पति परदेशी देवांगन उम्र 50 साल निवासी पिथौरा लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रही थी। शराब पीने वाले पुलिस को देखकर भाग गए। शराब पीने का साधन उपलब्ध कराते कुंज बाई देवांगन को पुलिस ने पकड़ा। उसी गांव में आरोपी पौसन प्रधान पिता आनंद प्रधान उम्र 34 साल निवासी ग्राम पौंसरा ठेला के सामने लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को देखकर शराब पीने वाले भाग गये। पुलिस ने दोनों ही मामलों में धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर और पैसों की चोरी

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरी से ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर और पैसों की चोरी की खबर सामने आयी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मनोज कुमार साहू पिता रूपलाल साहू उम्र 36 साल निवासी ग्राम टेमरी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि ग्राम टेमरी में राधेश्याम कोल्ड स्टोरेज के बाजू में उसका घर है। जहां कमरे के अंदर रखे गोदरेज अलमारी को बलपूर्वक खोलकर डेढ तोला सोने का पुराना हार कीमती लगभग 23,300 रुपये, चांदी के लगभग 12-12 तोला के 02 नग पायल कुल कीमती 22,286 रुपये, चांदी का चैन एवं रिंग कीमती 6147 रुपये, एक नग पायल कीमती 5000 रुपये, चांदी का ब्रेसलेट कीमती 2788 रुपये तथा चांदी की गणेश की मूर्ति की कीमती 1350 एवं घर में रखे कुछ नगदी रकम व अन्य सामान कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

# मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान गिरा, पड़ने लगी कंपकपाने वाली ठंड

## रात में ठंड में बढ़ोत्तरी हुई और रात के न्यूनतम तापमान में भी आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्षेत्र में दिसंबर माह की शुरुआत में बादल छाए रहने के बाद बीते दो दिनों से मौसम खुल गया। जिसके कारण जिले में अब ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह खेल मैदानों व उद्यानों में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। दोपहर में जहां गुनगुनी धूप राहत पहुंचा रहा है। वहीं रात में ठंड में बढ़ोत्तरी हुई है और रात के न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई है।

बता दें कि उत्तर भारत की ओर से आ रही ठंडी हवाओं ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। जिले में तीन दिन पहले न्यूनतम पारा जहां 20 डिग्री था, वह बुधवार रात को 12 डिग्री पहुंच गया। यानी तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 8 डिग्री की कमी आई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी। बीते कुछ दिनों से बादल छाए रहने की वजह से ठंड में कमी आई थी। मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान में में गिरावट हुई है। अब आउटर क्षेत्रों में ठंडी और शुष्क हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ने लगी है। साथ ही ओस की बूंदे भी जमने लगी हैं। शाम ढलते ही लोग गर्म कपड़े और अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम साफ होते ही तापमान नीचे की ओर लुढ़कता जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों में पारा और नीचे गिरने से ज्यादा ठंड पड़ेगी। तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट आएगी। प्रदेश समेत जिले में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। इससे रात का तापमान गिरेगा। बुधवार को महासमुंद का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा। शहर एवं ग्रामीण इलाको में अब ठंड बड़ने लगा है। जिसके चलते लोग चौक चौरहों पर अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास लगे हुए है। मौसम खुलने के साथ अब ठंड बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा ठंड का अहसास हो रहा है। शहर से लगे खैरा चौक में लोग अलाव से आग तापते नजर आए।

### ठंड के कारण नहीं बदलेगा स्कूलों का समय

आज से जिले में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू हुई, इसलिए स्कूल टाइम में बदलाव का आदेश नहीं है। महासमुंद जिले में ठंड के कारण स्कूलों में टाइम नहीं बदलेगा। दरअसल जिले में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 13-14 दिसंबर से शुरू हो रही है। 13 दिसंबर से 9 वीं और 12 वीं और 14 से पहली से 1 आठवीं तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा होगी। पहली से आठवीं तक के बच्चों की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। यह परीक्षा 22 तक चलेगी। इसके बाद 23 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी जाएगी।



### मौसम ने किसानों की चिंता की दूर, पर धान उठाव नहीं

जिले में महीने के शुरुआती सप्ताह में बादल छाए रहने की वजह से धान खरीदी प्रभावित हुई। अब मौसम खुलने से किसानों में खुशी है। लेकिन उपार्जन केंद्रों में धान उठाव नहीं होने के कारण धान ठप पड़ा है। अगले दो तीन दिन में धान का उठाव नहीं हुआ तो जिले के 182 केंद्रों में से अधिकांश में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। अब तक 28 लाख टन धान खरीदी हो चुकी है। लेकिन मात्र 900 टन ही धान का उठाव हो पाया है। जिले में 10 हजार डीओ कट चुका है। लेकिन अब तक एक भी टीओ नहीं कटा है।

## अव्यवस्था : कचरा में पॉलीथीन जलने से निकल रहा जहरीला धुंआ, लोग परेशान

# सड़क में जमा हो रहे कचरे का उठाव नहीं, इसलिए अब जला रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में इन दिनों स्वच्छता का हाल

- शहर में इन दिनों स्वच्छता का हाल बेहाल

बेहाल है। प्लेसमेंट कर्मी, स्वच्छता दीदी और नियमित कर्मचारियों के राज्य स्तरीय आंदोलन के चलते सड़क में इकठ्टा हो रहा कचरा नागरिकों द्वारा जलाए जाने की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं ठंड के चलते भी लोग रात में कचरा एकत्र कर आग के हवाले कर रहे हैं। कचरा के साथ जलाया जा रहा पॉलीथीन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक होता है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकता है, लेकिन जानकारी के बावजूद लोग इस लापरवाही से नही चूक रहे हैं।

आम नागरिकों की मानें तो कचरा जलाने की बजाय, नगर पालिका को उन जगहों पर कचरा जलाने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना चाहिए] जहां यह बिना किसी प्रदूषण के जल सके। इन उपायों से कचरा जलाने की समस्या को कम किया जा सकता है और पर्यावरण को बचाया जा सकता है। साथ ही पालिका को कचरा जलाने के वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। कोई कचरा जलाता है, तो उसे जुर्माना या सजा दी जाए।



### स्वास्थ पर पड़ रहा असर

चिकित्सकों की मानें तो कचरा और पॉलीथीन जलाने से निकलने वाली गैसें जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड, डाइऑक्सिन्स, और पार्टिकुलेट मैटर वायु प्रदूषण को बढ़ाते हैं और सांस संबंधी समस्याओं को जन्म देते हैं। नगरीय प्रशासन को कचरा संग्रहण और निस्तारण के उचित साधनों का प्रबंध किए जाने की आवश्यकता है लेकिन, कर्मचारियों के हड़ताल और अभाव के कारण यह किया जाना संभव नही हो पा रहा। वहीं कचरा को जलाए जाने से रोकने के लिए भी कर्मचारियों का टोटा सामने आ रहा है।

### काम नहीं आ रही जागरुकता

नागरिकों को भी कचरा जलाने के खतरों के बारे में कई बार जनजागरुकता अभियान के माध्यम से जानकारी दी गई लेकिन, नागरिकों में भी जागरिकता का अभाव देखने के मिल रहा है। इसके चलते अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

धरना प्रदर्शन




**महासमुंद।** 6 सूत्रीय एवं अन्य विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को पालिका में कार्यरत मिशन क्लीन सिटी की स्वच्छता दीदी, सफाई विभाग के कमांडो, प्लेसमेंट कर्मचारी, एवं नियमित कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना पालिका परिसर के सामने शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को एक बार फिर शासन को अवगत कराते हुए जल्द पूरा किए जाने की मांग की।



### बाइक की आमने-सामने भिडंत, एक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के भोरिंग के आगे मोड़ के पास दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 19 नवंबर को देवानंद साहू पिता लालतु राम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी काकदेही थाना आरंग जिला रायपुर अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीबी 3014 से काम करने के लिए बीके प्लांट तुमगांव जा रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप भोरिंग के आगे मोड़ के पास रात करीबन 8 बजे तुमगांव की ओर से जा रही बाइक क्रमांक सीजी 06 जीआर 3609 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर भाग गया। हादसे में देवानंद की मौके पर ही मौत हो गई। सम्पूर्ण मर्ग जांच, गवाहों के कथन, घटनास्थल का निरीक्षण एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# प्रीमियम शॉप से बेच रहे थे मिलावटी शराब, निकाले गए सभी कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान बागबाहरा में टोल फ्री नंबर, उड़नदस्ता तथा ग्राहकों द्वारा मदिरा में मिलावट करने संबंधी शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थी। उक्त शिकायतों की जांच के लिए मुखबिर की सूचना पर मदिरा दुकान बंद होने के लगभग 15 मिनट पूर्व मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के मदिरा दुकान में उपलब्ध मदिरा स्कंध का भौतिक सत्यापन किया गया।

भौतिक सत्यापन के समय मदिरा की प्रत्येक पेटियों को खोलकर मदिरा की शीशियों को देखा गया। स्टॉक मिलान पर मैकडॉवेल नं. 1 व्हिस्की की 24 नग बोतल (18 ब.ली.) एवं ऑफ्टर डार्क फाईन ग्रेन व्हिस्की की 12 नग बोतल (9 ब.ली.) कुल 36 बोतल (27 ब.ली.) के ढक्कनों में छेड़छाड़ पाए जाने पर पेटियों को अलग किया गया। ढक्कन ढीले, होलोग्राम से छेड़छाड़ एवं आसानी से ढक्कन का खुलना पाया गया। ढक्कन की छेड़छाड़ से मिलावट के संदेह पर मदिरा की तेजी जांच किए जाने पर तेजी शासन द्वारा निर्धारित मानक 25.0 यू.पी. अनुरूप नहीं होना पाया गया, जिससे उक्त मदिरा में मिलावट करने की पुष्टि हुई।

उक्त मदिरा में मिलावट के संबंध में पूछताछ किए जाने पर दुकान में उपस्थित कर्मचारियों में से मुख्य विक्रयकर्ता प्रेम साहू, विक्रयकर्ता अमित शर्मा तथा मल्टीपर्पस वर्कर नितेश शर्मा द्वारा मदिरा में मिलावट किया जाना स्वीकार किया गया। उक्त अनियमितता के लिए उपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोप पत्र दिया गया तथा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 (यथा संशोधन 2020) की धारा 38 (क) एवं 39 (ग) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत एवं मुचलका पर रिहा किया गया। उक्त प्रकरण प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्टी के मार्गदर्शन तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक शिवशंकर नेताम, मुकेश कुमार वर्मा, अनिल झरिया, नीतेश सिंह बैस तथा आबकारी आरक्षक संजय मरकाम, देवेश मांझी हमराह रहे।



### सरकार का एक साल पूरा, किसान सम्मेलन 21 को

**महासमुंद।** सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस तारतम्य में प्रत्येक विकासखंड में 21 दिसंबर को किसान सम्मेलन आयोजित किया जाना है। आयोजन के लिए कृषि विभाग को नोडल विभाग तथा सहकारिता विभाग को सहायक नोडल विभाग बनाया गया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## धान खरीदी पर संकट मंडराया, विभिन्न मांगों को लेकर आपरेटरों का हड़ताल

# ऑपरेटरों का हड़ताल शुरु, प्रभावित हो सकती है धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समिति कर्मचारियों की मांग पूरी होने के बाद धान खरीदी सुचारु गति पकड़ ही नही पाई है कि एक बार फिर धान खरीदी पर संकट मंडराने लगा है। जिले के सभी खरीदी केंद्रों डॉटा एन्ट्री आपरेटर विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये है। इस हड़ताल का सीधा असर किसानों को पड़ेगा। चूंकि अधिकांश किसान मोबाइल और ऑनलाइन प्रक्रिया से अनभिज्ञ हैं। ऐसे में उन्हें टोकन लेने और अपनी उपज बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह संकट प्रदेशभर में धान खरीदी और उठाव को पूरी तरह प्रभावित कर सकता है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष आशीष रजक ने बताया कि तीन सूत्रीय मांगो को लेकर पूर्व में हड़ताल की गई थी, बाद विभागीय मंत्री ने आश्वासन दिया था। पर आज तक हमारी मांगों पर कोई विचार कर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। हमारी मांगों में घान खरीदी कम्प्यूटरीकरण वर्ष 2007 से डॉटा एन्ट्री आपरेटर विगत 17 वर्षों से कार्यरत हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत धान उपार्जन केन्द्रो में कार्यरत डॉटा एन्ट्री आपरेटरों को खाद्य विभाग में संविलियन किया जाए। नवीन वित्त निर्देश 22/2023 के अनुसार संविदा वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि का लाभ प्रदान कर 23350/- रुपए मासिक संविदा वेतनमान अगस्त 2023 से प्रदान किया जाए और धान खरीदी नीति खरीफ विपणन वर्ष 2024-2025 की कंडिका-11.3.3 (आगामी खरीफ वर्ष 2025-2026 में समितियों में डाटा एन्ट्री ऑँपरेटरों की व्यवस्था छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा ऑँउट सोर्सिंग से नियोजित करने के संबंध में माह अप्रैल 2025 में कार्रवाई की जाएं) को विलोपित किया जाए शामिल है।

आशीष रजक ने बताया कि शासन ने धान खरीदी को ऑँनलाइन कर दिया है। आधे से ज्यादा काम कंप्यूटर ऑँपरेटर ही करते हैं। धान बेचने जिन किसानों को मोबाइल चलाना नहीं आता, वे आपरेटर के सहयोग से टोकन लेते हैं। केंद्र में ऑँपरेटर ही नहीं रहेंगे तो किसानों को टोकन के लिए भटकना पड़ेगा। यदि किसान मोबाइल से दूसरों के सहयोग से टोकन ले भी लेते हैं तो जब वे धान लेकर बेचने उपार्जन केंद्र जाएंगे तो उनका बायोमैट्रिक नहीं हो पाएगा। सिर्फ खरीदी ही नहीं बल्कि धान का उठाव भी इनकी हड़ताल से प्रभावित होगा। क्योंकि आवक-जावक उठाव जीपीएस सिस्टम से होता है और कंप्यूटर से ही गेट पास बनाया जाता है।



### 182 उपार्जन केंद्रों में 64029 किसानों ने बेचा अपना धान

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी अभियान जोर-शोर से चल रहा है। नोडल अधिकारी श्री आशीष शर्मा ने बताया कि जिले में 11 दिसम्बर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 64,029 किसानों से 3,25,283.84 टन धान खरीदी गई है। इसके बदले में किसानों को 748 करोड़ 15 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। इसके साथ उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में अब तक एक करोड़ 39 लाख 93 हजार से अधिक बारदाना प्राप्त हो चुका है। इसमें 75 लाख 59 हजार 258 नया बारदाना, 45 लाख 91 हजार 307 बारदाना मिलरों से प्राप्त हुआ है, जबकि 15 लाख 31 हजार 50 बारदाना पीडीएस से प्राप्त हुआ है। किसानों से भी 3 लाख 11 हजार 570 बारदाना प्राप्त किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 86 लाख 33 हजार 686 बारदाने का उपयोग किया गया है, और वर्तमान में 53 लाख 59 हजार 499 बारदाना शेष है।

आवश्यकता है
हरिभूमि
महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में
रिपोर्टर (2 पद)
के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अनुभवी को प्राथमिकता
(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
-संपर्क करें-
99811-31365
Email-haribhoomi.msmd@gmail.com
हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

**खबर संक्षेप**




## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, रोक लगाने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे गुट छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर के गांधी मैदान से हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो, बंद हो आदि नारों के साथ रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने बताया कि पूरे प्रदेश के शिवसैनिकों ने संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर ने प्रधानमंत्री को तुरंत फारवर्ड करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील कुकरेजा, एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, बल्लू जांगड़े, समीर पाल, संतोष मार्कंडेय, विजय नाग, दुर्गेश शर्मा, सुरेश तिवारी, शिव लिमजे, प्रमोद साहू, हरीश यादव आदि शामिल थे। मुकेश सिन्हा, पूनाराम साहू, साई प्रजापति, पप्पू विश्वकर्मा, धनंजय गोयल, लक्ष्मी कश्यप, यश ठाकुर, संजय हालदार

## सुशांत बने कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** बंगाली कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर समाजसेवी सुशांत बोस का बुधवार को भाजपा नेता राजकुमार राठी, किशोर नायक, सुब्रत घोष, उमेश मालेवर, भंवरलाल सेन, राजेश जीवनणी द्वारा आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

## भूगोल प्रायोगिक के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 19 को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत भूगोल विषय के बीए एवं बी-कॉम प्रथम सेमेस्टर की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 19 दिसंबर को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। यह जानकारी दुर्गा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष ने देते हुए बताया कि सभी विद्यार्थी समय में आकर इस परीक्षा में शामिल होंगे।

## संपत्ति विरूपण करने पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 नगर निवेश टीम ने बुधवार को कोटा मार्ग में क्रेस्ट ग्रीन के पास शासकीय संपत्ति का विरूपण करने पर श्रीराम सेवा सदन गर्ल्स हॉस्टल महोबा बाजार के संचालक को नोटिस देते हुए 10 हजार रूपये का जुर्माना किया है। विद्युत पोल में प्रचार संबंधी विज्ञापन लगाए जाने पर जोन की टीम ने नियम अनुसार जुर्माना किया।

## शिव महापुराण कथा 24 से कथास्थल का लिया जायजा

**रायपुर।** सेजबहार में 24 दिसंबर को श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें कथावाचक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा होंगे। कथास्थल का जायजा आयोजक मंडल के साथ ही पुलिस प्रशासन की टीम ने लिया। लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के लिए आयोजक मंडल द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है। फिलहाल कथास्थल को समतल कराया जा रहा है। इस संबंध में आयोजक मंडल के प्रमुख कमल देवांगन और देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने पूरा देवांगन समाज एकजुट होकर कार्य करेगा।

**आयोजन:** उत्कृष्ट आदर्श विद्यालय में एक दिवसीय पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

# डीएमएस, आदर्श एवं आशीबाई स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पोषक विद्यालय संपर्क अभियान शहर में स्थित शासकीय डीएमएस, शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय एवं शासकीय आशीबाई गोलछा विद्यालय महासमुंद में चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में डॉ. मालती तिवारी कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी, प्रो. अजय कुमार राजा कार्यक्रम सहायक नोडल अधिकारी, डॉ. ईपी चेलक कार्यक्रम सहायक नोडल अधिकारी एवं प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र कार्यक्रम सहायक द्वारा किया गया। इन स्कूलों में 11वी एवं 12वीं के विद्यार्थी को एनईपी 20 की शिक्षा पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। सभी विद्यालयों में अजय कुमार राजा द्वारा डीएससी, वीएसी, जीई एवं एईसी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डीएससी में चयनित अनिवार्य 3 विषय आपको सभी 8 सेमेस्टर में पढ़ना होगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकता।

जीई में अपने 3 मुख्य विषय के अलावा अन्य संकाय के विषयों में से किसी एक विषय को चयन करके पढ़ाई करना होगा, जिसे हर सेमेस्टर में परिवर्तन कर सकते हैं। 1 वर्ष 2 सेमेस्टर पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट, 2 वर्ष 4 सेमेस्टर पूर्ण करने पर डिप्लोमा, 3 वर्ष 6 सेमेस्टर पूर्ण करने पर डिग्री एवं 4 वर्ष 8 सेमेस्टर पूर्ण होने पर ऑनर्स की उपाधि छात्र छात्राओं को प्राप्त होगी। डॉ. मालती तिवारी ने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के उद्देश्य को बताते हुए 12वीं के बाद पढ़ाई के क्षेत्र में नए सफर की शुरुआत हो जाती है। एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस जैसे गतिविधि में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है। महाविद्यालय में बीए में 08 विषय राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल, इतिहास, मनोविज्ञान एवं अर्थशास्त्र संचालित है। जिसमें से आपको मुख्य 3 विषय चयन कर अध्ययन करना होगा। तृतीय दिवस में प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय, शासकीय आशाबाई गोलछा विद्यालय, शासकीय डीएमएस विद्यालय के प्राचार्यों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही एनईपी 2020 से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय डीएमएस विद्यालय से सानिया प्रधान 12वीं बायो, रीमा ध्रुव 11वी कॉमर्स, भगवती ध्रुव 11वी कला, पूरण पटेल 12वीं कला एवं टाकेश्वर चक्रधारी 12वीं कला संकाय को पुरस्कृत किया गया। शासकीय उत्कृष्ट आदर्श विद्यालय से हेमा साहू 12 बायो, प्रकाश धुरी 12 कला, पुष्पेंद्र पटेल 11 कॉमर्स, तहूर फातिमा 11 कॉमर्स, अदिति चंद्राकर 11 बायो, संजोली यादव 12 कॉमर्स, कुमकुम चतुर्वेदी 12 बायो, ईशा साव 11 कला, मयंक मांझी 11 कॉमर्स एवं प्रदीप धीवर 11 कॉमर्स पुरस्कृत हुए। शासकीय आशाबाई गोलछा विद्यालय में सूफिया कुर्रे, नीलम देवांगन, शीबा कुरैशी, फिजा परवीन खान 11 कला संकाय, यश कुमारी ठाकुर, ज्योति कोसरे, आमीना अली, रूपेंद्र साहू एवं डागेश्वर देवांगन 11वी कॉमर्स संकाय को सम्मानित किया गया।




**3 दिवसीय पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम का समापन, 09 शासकीय विद्यालयों को एनईपी 2020 की दी गई जानकारी**

# सरपंच एवं पंच के लिए 17 एवं जनपद और जिपं सदस्यों के लिए आरक्षण की कार्रवाई 19 को

**त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के आरक्षण कार्रवाई के लिए आम सूचना जारी**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के आरक्षण कार्रवाई के लिए आम सूचना प्रकाशित करने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए है। आम सूचना का प्रकाशन कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, तहसील, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत कार्यालय में चस्पा किया गया है। जिले के विखं पिथौरा, बसना, सरायपाली, बागबाहरा एवं महासमुंद के पंच एवं सरपंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण कार्रवाई संबंधित विकासखंड के जनपद पंचायत सभाकक्ष में 17 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ किया जाएगा। कार्रवाई के समय सर्व साधारण की जानकारी एवं नियमानुसार आरक्षण की कार्रवाई में साक्ष्य के रूप में उपस्थिति के लिए सूचना प्रकाशित की गई है। इसी तरह सभी विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण की कार्रवाई जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में 19 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा तथा जिले के जिला पंचायत सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण की कार्रवाई जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में 19 दिसंबर 2024 को दोपहर 3 बजे से किया जाएगा।




## योग भवन में भगवदगीता का प्राकट्य दिवस मनाया

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग-भवन में गीता जयंती पर श्रीमद् भगवदगीता के पावन प्राकट्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे श्रीराम टोली के साथ प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर वापस योग भवन पहुंची। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। द्वितीय सत्र में दोपहर 4 बजे पूजा अर्चना कर श्रीमद् भगवदगीता के संपूर्ण अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया। पश्चात स्वामी रामसुख दास महाराज की गीता प्रबोधनी का उपस्थित साधकों ने पढ़कर व्याख्या की। डोंगरगढ़ से आए स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने शरणागति पर व्याख्या की। संकीर्तन व आरती पूजन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र राठौड़ व आभार प्रदर्शन चंद्रशेखर साहू ने किया। इस अवसर पर दौलतराम चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर देव कुमार साहू, नारायण सिंह ठाकुर, तिलक साव, राम निवास चंद्राकर, कोमल गुप्ता, केपी साहू, केआर चंद्राकर, दुर्गेश चंद्रकर, आर पटेल, चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, अजय गुप्ता, चोइथराम राजपाल, देवेंद्र चंद्राकर, राम कुमार बजाज, नेहरू पटेल, लक्ष्मण चौहान, प्रेमा चंद्राकर, दमयंती पटेल, मोट्सी बोस, लालदास मानिकपुरी, महेंद्र कुमार साहू, श्रवण कुमार चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# चोपड़ा ने एसडीएम कार्यालय परिसर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और साथियों द्वारा बुधवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग के छोटे-बड़े प्रकरणों के समस्याओं से पीड़ित लोगों और किसानों की बात सुनी गई। भेंट मुलाकात के दौरान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों ने डॉ. चोपड़ा के समक्ष अपनी अपनी समस्याएं बताई।



जिसमें ठाकुरलाल चंद्रसेन ने सीमांकन प्रतिवेदन, बहारीन ढीमर ने अपने बंटवारे, घासीराम मेहर सिरपुर ने मुआवजा, शिरिष गंडेचा ने जमीन के योग गलत, जोईधा बाई साहू ने त्रुटि सुधार, पटेवा से राजकुमारी श्रीवास्तव, ठाकुरराम भास्कर, चंद्रशेखर वैष्णव ने भी त्रुटि सुधार की समस्या बताई। लोगों की समस्याओं को सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलकर चर्चा कर लोगों के प्रकरणों के निराकरण का प्रयास करना चाहा। परन्तु, पिछले बुधवारों की तरह इस बुधवार भी राजस्व विभाग में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नदारद रहे। डॉ.चोपड़ा ने जिला पंचायत सीईओ को जो कि प्रभारी कलेक्टर हैं उनसे फोन पर बात कर पूछा तो उन्होंने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार प्रशिक्षण में हैं, और जब एसडीएम और तहसीलदार को फोन लगाकर पूछा गया तो वे लोग बोलने लगे कि वे दौरे पर हैं। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि अधिकारियों को अनुपस्थित रहते हुए तीन सप्ताह हो गए हैं, जिससे इन लोगों की अनियमितता और काम न करने का भय स्पष्ट दिखाई पड़ता है। लोगों के प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने भी तीन सप्ताह पहले कहा था कि लोगों के प्रकरणों की नई फाइल बनाकर राजस्व विभाग को निर्देश देकर त्वरित मामले सुलझाए जाएंगे। परंतु, अभी तक लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बुधवार को अब स्वघोषित अवकाश कर चुके हैं, इसलिए बुधवार के दिन एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार इनमें से कोई भी उपस्थित नहीं रहते। बाबू भी अपना टेबल छोड़कर इधर-उधर घूमता रहता है। बुधवार को जिन पक्षकारों की पेशी होती है, इन लोगों के अनुपस्थित रहने से पक्षकारों को पेशी के लिए तारीख पर तारीख देकर घुमाने का काम किया जा रहा है। न्यायालयीन प्रकरणों का अधिकारियों के न होने पेशी के लिए पक्षकारों का सिरदर्द बन गया है। राजस्व कार्यालय में एक नई प्रथा प्रारंभ की गई है। जिसमें अधिकारियों और बाबू द्वारा पक्षकारों के प्रकरणों का न्यायालयीन फैसला तो कर दिया जाता है। परंतु, उनके प्रकरणों में रकबा कम कर दिया जाता है, खसरे में त्रुटि कर दिया जाता है, गलत खसरा दर्ज कर दिया जाता है, उसके बाद फैसला दिया जाता है। इसके बाद पक्षकार अपने रकबे और खसरे को सुधार करवाने के लिए परेशान होते हैं। इन सभी कृत्य को देखने से अधिकारियों की भर्राशाही की मंशा साफ नजर आती है और लिपिकीय कार्य को करवाने के लिए पक्षकार वर्षों घूमता रहता है। इस स्थिति में अधिकारियों और बाबू को तो कोई सजा नहीं होती। परंतु, पक्षकार हलाकान और त्रस्त हो जाता है।

डॉ. चोपड़ा ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम से आवेदन देकर कहा कि 27 नवंबर 2024 बुधवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग के लिपिक और कर्मचारियों द्वारा बिना अनुमति के हड़ताल/कलमबंद और धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई थी, जो कि प्रशासनिक रूप से गलत है, जिससे वहां आए लोगों का काम बाधित हुआ, उन सभी लिपिक और कमचारियों का एक दिन का वेतन काटा जाए और उन सभी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। कार्रवाई नहीं की गई और वेतन न काटा गया तो फिर आवेदन की प्रतिलिपि कलेक्टर, राजस्व मंत्री और मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। उन्हीं के समक्ष सभी समस्याएं अवगत कराया जाएगा। इस दौरान पार्षद देवीचंद राठी, मोहन साहू, पवन साहू, हनीश बग्गा, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, मेघराज चंद्रसेन, सुरेंद्र महाराज, डोमार पटेल उपस्थित रहे।

## मौसम खुलते ही बढ़ी ठंड...



**नर्रा।** क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बादल छाए रहे, इसकी वजह बीते सोमवार को अलसुबह तीन घंटे तक घने कोहरे के साथ ओस भी गिरे। कोहरे की वजह से दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक को थोड़ी सी परेशानी जरूर हुई है। जिससे बदली की वजह ठंड कम रही है। मौसम साफ व बादल छटते ही अब क्षेत्र में ठंडी हवाओं के साथ ठिठुरन जैसे ठंड बढ़ गई है। शाम ढलते ही लोग गर्म कपड़े में स्वेटर, जैकेट, टोपी, शाल का उपयोग और लकड़ी जलाकर अलाव का सहारा ले रहे है। शाम होते ही लोग घरों पर दुबक रहे हैं। दिन में ठंड लग रही है। सुबह की गुनगुनी धूप लोगों को भा रही है।

## हसदेव एक्सप्रेस में युवक ने लगाई फांसी, चार दिनों से था लापता

**रायपुर।** रायपुर से कोरबा जाने वाली हसदेव एक्सप्रेस में नागपुर सुदर्शन नगर के 24 वर्षीय यश रोशन नन्हेत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुर्ग से ट्रेन जब धुलाई के बाद रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 3 पर पहुंची, तब सफाई कर्मचारी ने जरनल कोच की सीट पर युवक का लटका हुआ शव देखा। इसके बाद तत्काल जीआरपी और आरपीएफ को इसकी जानकारी दी गई। दूसरी ओर ट्रेन में आत्महत्या की खबर मिलने पर स्टेशन में हड़कंप मच गया। हसदेव में सफर करने वाले यात्री भी उस कोच में सफर करने से दूरी बनाने लगे। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मुताबिक ट्रेन जब दुर्ग से रायपुर के लिए रवाना हुई, उसी बीच युवक ट्रेन में चढ़ गया था।



# कोमा में स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**महासमुंद।** ग्राम कोमा में महिला समूह के सदस्यों ने गली-मोहल्लों की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। स्वच्छता अभियान के दौरान महिलाओं प्रत्येक सप्ताह में एक बार स्वच्छता अभियान चलाने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष संकल्प भी लिया। इस मुहिम को अपने गांव में अभियान के तहत जारी रखने प्रमुखता निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर सरपंच सविता गोस्वामी, महिला समूह की सक्रिय सदस्य राधा दीवान, स्वच्छता समिति अध्यक्ष अनुता निषाद, सचिव तोमिन दीवान, सदस्यों में डिगेश्वरी दीवान, खिलेश्वरी निषाद, टेमन दीवान, बालकुमारी दीवान, धनेश्वरी ध्रुव, कांति दीवान आदि मौजूद रही। यह जानकारी युवा संगठन प्रमुख इंद्रकुमार चौहान ने दी है।

# राइस मिलों में नाबालिगों से कराया जा रहा था श्रम, 9 रेस्क्यू किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में संचालित 3 राइस मिलों से 9 नाबालिगों को रेक्स्यू किया गया है। इनमें 7 बालक एवं 2 बालिका शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, राजस्व विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को कई राइस मिलों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को 3 राइस मिल आरके राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड, ग्रो एग्रो फूड्स एवं अंबिका राइस मिल में बालक श्रम करते मिले। इस पर एक्शन लेते हुए टीम ने मिलों के संचालकों के विरुद्ध बालश्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सभी बाल श्रमिकों को रेस्क्यू करते हुए उन्हें बाल आश्रम एवं खुला आश्रय गृह भेजा।



# संदेहास्पद मरीजों की त्वरित जांच एवं इलाज के लिए घर-घर सर्वे का कार्य

**सरायपाली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 2024-25 के तहत विकासखंड सरायपाली में टीबी उन्मूलन, कुष्ठ उन्मूलन, वयोवृद्ध कार्यक्रम तथा एनएसडी कार्यक्रम के तहत उच्च रक्तचाप, शुगर जांच के प्रथम चरण में 7 दिसंबर 2024 से 22 दिसंबर 2024 तक मितानिन और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। सर्वे से प्राप्त संदेहास्पद मरीजों को त्वरित जांच एवं ईलाज की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने बताया कि सर्वे में मरीजों का चिन्हांकन लक्षणों के आधार पर होगा, जैसे कि टीबी का मुख्य लक्षण 15 दिन से अधिक की खांसी आना, वजन में लगातर कमी होना, ज्यादातर शाम को बुखार आना, गर्दन में गांठ होना है। आसपास ऐसे लक्षण वाले व्यक्ति दिखाई देते हैं तो सर्वे टीम को अवगत कराएं। टीबी व कुष्ठ अब असाध्य रोग नहीं है यदि समय रहते बीमारी का पता चल जाए तो मरीज पूर्ण स्वस्थ हो जाता है। टीबी के संदेहास्पद मरीज पाए जाने पर एक्सरे व सीबीनॉट जांच किया जाएगा। साथ ही सैंपल कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन हेतु मरीज का स्पॉट सैंपल लेकर डीएमसी भिजवाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही 60 साल से ऊपर व्यक्ति जो चलने फिरने में सक्षम नहीं है उसकी सूची समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा।

## भक्तिन माता राजिम की जयंती पर निकलेगी भव्य बाइक रैली

रायपुर। साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। साहू समाज के लोग जयंती के एक दिन पहले रायपुर से राजिम तक भव्य बाइक रैली निकाली। यह रैली तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होगी, जो राजिम में समाप्त होगी। षछत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि भक्तिन माता राजिम की जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को रायपुर के भामाशाह छात्रावास में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाईक रैली को लेकर चर्चा हुई।

**खबर संक्षेप**

### बिरकोनी स्कूल में हुई विविध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में शासन की योजनाओं को अवगत करवाते हुए रंगोली, मेहंदी, ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नवमी से बारहवीं तक की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग़ लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं से तुषिता चंद्राकर, रिया, गीताजंलि, रागिनी, श्वेता शर्मा, कमलेश्वरी, मनीषा, कुलेश्वरी दसवीं से पल्लवी, नवमी से तुलसी शामिल रहे। रंगोली प्रतियोगिता ग्रुप बनाकर आयोजित किया गया। इसमें नवमी से दामिनी, भावना, धनेश्वरी, सिद्धि, सुमन, नूतन, हीना, मुस्कान, हरिना, काजल, दुलेश्वरी, पुनम, उर्वशी, दसवीं से माया जोशी, ग्यारहवीं से अंजलि, रानू पटेल, योगेश्वरी, मीना ने भाग लिया। ड्राइंग में ज्योति बंजारे सिद्धि साहू, नेहा, नीलम ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने शासन के विभिन्न योजनाओं मुफ्त सरस्वती सायकल योजना, पाठ्य पुस्तक योजना, गणवेश योजना, अलग अलग प्रकार के छात्रवृत्ति की जानकारी से अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर व्याख्यातागण अनुपमा मानिकपुरी, सन्तराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, मनीषा तिर्की, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी, अजय आदि मौजूद रहे।

### जिले में अधिकारियों और कर्मचारियों ने कराया प्रकृति परीक्षण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवम आयुर्वेद दिवस (29 अक्टूबर) पर आरंभ किए गए देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत जिले में नागरिकों का परीक्षण जारी है। अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी प्रकृति के अनुसार उचित सलाह देना है। यह अभियान 26 नवंबर (संविधान दिवस) से 25 दिसंबर 2024 (पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती) तक चलेगा। इसी क्रम में जिला पंचायत महासमुंद में सीईओ एस आलोक, रेखराज शर्मा सहित सभी कर्मचारियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। इससे पहले 11 दिसंबर को पुलिस मुख्यालय महासमुंद में अधिकारियों और कर्मचारियों का परीक्षण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि जिले में 25 शासकीय आयुर्वेद चिकित्सक और 4 निजी चिकित्सक इस अभियान में सेवा दे रहे हैं। अब तक 2500 नागरिकों का परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे 25 दिसंबर तक अपने नजदीकी आयुष केंद्रों या निजी आयुर्वेद चिकित्सालयों में जाकर परीक्षण करवाएं। यह अभियान जिले के विभिन्न केंद्रों जैसे महासमुंद, रायतुम, खट्टी, बिछिया, मुनगासेर, तोषगांव, मल्दामाल आदि स्थानों पर संचालित हो रहा है। परीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने वात, पित्त, कफ की प्रकृति के अनुसार जीवन शैली सुधारने और गैर-संचारी रोगों से बचाव के लिए ऋतुचर्या, दिनचर्या और योग करने की सलाह दी।

## खेल आयोजन : 100 मीटर दौड़ में बसना की गुंजा जगत एवं बसना की इतिशा को मिला प्रथम स्थान

# तवा फेंक में बसना की रिमझिम रहीं प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- खो-खो एवं रस्साकसी प्रतियोगिता में ग्राम खेमड़ा बना विजेता, बैडमिंटन सिंगल में संस्कृति अव्वल



खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता वर्ष 2024- 25 का आयोजन बसना में आयोजन प्रभारी भूपेंद्र प्रधान द्वारा कराया गया। जिसमें एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, वॉलीबॉल , बैडमिंटन की प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने बताया कि महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयु वर्ग 9 से 18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर 35 वर्ष तक शामिल महिला खिलाड़ी हुए। आयोजन में मुख्य अतिथि प्राचार्य सुरेश पटेल एवं सेजेस प्राचार्य खिरोद्र पुरोहित उपस्थित थे। महिला खेल प्रतियोगिता के परिणाम 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग खेल 100 मीटर दौड़ एवं तवा फेंक में में गुंजा जगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में आलिया निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में सेजेस बसना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी प्रतियोगिता कन्या शाला बसना ने प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभा पब्लिक स्कूल खटखटी ने प्राप्त किया। 18 से अधिक 35 वर्ष तक आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान इतिशा ने प्राप्त किया। 400मीटर दौड़ में सरगम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तवा फेंक में रिमझिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी प्रतियोगिता में खेमड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में व्याख्याता संजय कर, आरके शर्मा, आरके सोनी, प्रेमानंद भोई, योगेश प्रधान, व्यायाम शिक्षक शंभूनाथ प्रधान, विवेकानंद दास, इमरान दयाला, दुर्योधन पटेल, रुपधर पटेल, घनश्याम पटेल, अरुण कुजूर,जौशिक सामल, अक्षय सिदार, कुबेर प्रधान, कौशिक सेठ, भानूप्रताप ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सरायपाली में भी हुआ विकासखंड स्तरीय महिला खेल का आयोजन

इसी तरह विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता वर्ष 2024- 25 का आयोजन हाई स्कूल मैदान सरायपाली में प्रभारी हेमसागर कैवर्त द्वारा कराया गया। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने बताया कि महिला खेल प्रतियोगिता अन्तर्गत 02 आयु वर्ग 9 से 18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर 35 वर्ष तक महिला खिलाड़ी शामिल हुए। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक विधायक चातुरी डिग्री लाल नंद एवं प्राचार्य सेजेस मनोज पटेल एवं प्राचार्य शासकीय बालक आदर्श विद्यालय जेपी पटेल उपस्थित थे। महिला खेल प्रतियोगिता के परिणाम- 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग खेल 100 दौड़ में खुशी निषाद प्रथम, द्वितीय परमजीत कौर, तृतीय शिखा बारिक ने स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम हीराबाई बंजारा, द्वितीय धारिणी, तृतीय दिव्या राव ने प्राप्त किया। तवा फेंक में प्रथम दानी यादव, द्वितीय सोनिया, तृतीय अंजना बारीक ने प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कन्या शाला सरायपाली ने प्राप्त किया। वॉलीबॉल में कैलेंडा हायर सेकंडरी स्कूल (सि) प्रथम, द्वितीय कन्या शाला सरायपाली, रस्साकसी प्रतियोगिता में कन्या शाला सरायपाली प्रथम, द्वितीय कलेंडा स्कूल (तोरे), खो खो प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत बोंदा ने प्रथम, 18 से अधिक 35 वर्ष तक आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम सविता भोई, द्वितीय होलिका सिदार एवं तृतीय रोहिणी कुजूर, 400 मीटर दौड़ में प्रथम सविता भोई, द्वितीय बसंती सिद्धार्थ, तृतीय गणेशी मिंज रहे। तवा फेंक में प्रथम जयंती साहू, द्वितीय सविता भाई, तृतीय निहारिका बारिक रहे। रस्साकसी प्रतियोगिता में फुलझर एकेडमी ने प्रथम एवं द्वितीय ग्राम महोदा रही। कुश्ती प्रतियोगिता में जयंती साहू प्रथम, द्वितीय स्थान लक्ष्मी जगत को मिला। बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आसना तिग्गा, द्वितीय स्थान जयंती साहू ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि चातुरी नंद विधायक सरायपाली एवं अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभारी हेमसागर कैवर्त, खो खो निर्णायक वासुदेव पटेल, शिवकुमार पटेल, वॉलीबॉल में कुमार आदित्य विक्रम, ऋषि कुमार साहू रस्साकसी में ममता प्रधान मंजिला चौधरी, एथलेटिक्स में शुभ्रा डडसेना, क्षितिपति साहू का सहयोग रहा।



### जिले में प्राथमिक शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों की हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा विकासखंड में जनपद पंचायत सभागार में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बागबाहरा ब्लॉक की चिन्हित 5 ग्राम पंचायतों के सचिवों, प्राथमिक शालाओं के प्रधानपाठकों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन पिरामल फाउंडेशन (एस्पिरेशनल भारत कोलैबोरेटिव टीम) के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में सुधार लाने के लिए ग्राम पंचायतों, समुदायों और शिक्षकों के बीच सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) और बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड (बाला) जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों को एलएसडीजी की 9 प्रमुख थीमों पर प्रशिक्षण दिया गया, जिससे ग्राम पंचायतों में प्राथमिक शिक्षा सुधार योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। प्रतिभागियों ने शिक्षा सुधार के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी और बच्चों के समग्र विकास के लिए सामूहिक योजनाओं की तैयारी पर जोर दिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बेहतर समन्वय और ठोस कार्ययोजनाओं को अपनाने पर बल दिया। कार्यशाला में पिरामल फाउंडेशन की टीम के सुरेंद्र कुमार, ऋचा साहू प्रोग्राम लीडर, और महेंद्र आर्य डिस्ट्रिक्ट लीडर ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

## छात्रों को दी गई भविष्य निर्माण के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी

**महासमुंद।** उच्च शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया।

महाविद्यालय के पोषक विद्यालय संपर्क अभियान समिति के नोडल अधिकारी प्रतिमा चंद्राकर तथा सहायक नोडल अधिकारी रवि देवांगन द्वारा जिले के सबसे अधिक दर्ज संख्या वाले दो विद्यालयों यथा केंद्रीय विद्यालय व स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट महाविद्यालय महासमुंद का भ्रमण किया गया। उच्च शिक्षा आयोग के पत्र अनुसार विद्यालयों के कक्षा 12वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, मूलभूत सुविधाओं, भविष्य निर्माण के लिए उपलब्ध अवसरों तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत पहले केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य सुरेश कुमार सिंह से अनुमति उपरांत सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्राकर तथा व्याख्याता गणित विवेकानंद प्रधान की उपस्थिति में कक्षा 11वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों की ग्रंथालय कक्षा में कार्यशाला आयोजित की गई। पोशक विद्यालय संपर्क अभियान का उद्देश्य बताते हुए रवि देवांगन ने जानकारी दी कि विद्यार्थियों को कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण होने के उपरांत क्षेत्र में स्थित एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में प्रवेश लेने संबंधी जागरूक करना है। उन्होंने वर्तमान समय में अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का समय है। जिसमें हमें बड़े शहरों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के स्तर में आकर अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करनी आवश्यक है। कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी त्रिपेश कुमार साहू भी उपस्थित रहे। तत्पश्चात महाविद्यालय टीम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य अमी रूफस के सक्रिय मार्गदर्शन एवं सहयोग के साथ कक्षा 12वीं के कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय के समस्त विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय योजना के बारे में बताते हुए प्रतिमा चंद्राकर ने जानकारी दी कि सत्र 2023-24 से पूरे राज्य में सिर्फ 10 स्थान पर अंग्रेजी माध्यम शासकीय महाविद्यालय शुरू किए गए हैं तथा उसमें से महासमुंद में भी एक महाविद्यालय होने का सौभाग्य हमें प्राप्त है, जो विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़कर निकल रहे हैं उनके लिए यह एक वरदान से कम नहीं है। निजी महाविद्यालयों की भारी भरकम फीस के स्थान पर शासकीय महाविद्यालय जितनी मामूली सी फीस के साथ महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति तथा विभिन्न अंतर-महाविद्यालय, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का शुअवसर प्राप्त होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उपलब्ध बहुविषयी पाठ्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की गई। विभिन्न संकायों में उपलब्ध सीट संख्या की जानकारी देते हुए रवि देवांगन ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर में बीए में 60, बीकॉम में 90, बीएससी (गणित) में 60 तथा बीएससी (कंप्यूटर विज्ञान) में 60 सीट के साथ महाविद्यालय में कुल 270 सीट के लिए प्रवेश लिया जाता है।

## भाजपा सरकार प्रति कट्टे धान खरीदी के वजन की घोषणा करे: अंकित

### कलेक्टर के नाम बागबाहरा तहसीलदार को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि लगातार उनका संपर्क किसानों से बना हुआ है और वो धान खरीदी केंद्रों का भी सतत निरीक्षण कर रहे हैं। हर समिति में धान के अधिक खरीदे जाने की शिकायत मिल रही है। साथ ही मॉइस्चर मशीन से नमी को लेकर भी किसान परेशान है।

अंकित ने बताया कि 20 दिनों से काट कर सूखा कर रखे धान को भी 20 प्रतिशत नमी बता किसानों को मजबूर कर अतिरिक्त धान लिया जा रहा है, जिससे



किसान अपने को बहुत असहाय और ठगा हुआ महसूस कर रहा है। धान खरीदी केंद्र में प्राधिकृत बनाए गए भाजपा नेता जो पहले किसान हैं उनकी चुप्पी को भी कमीशन में उनके खेल को लेकर जन चर्चा बनी हुई है। अंकित ने बताया कि बागबाहरा तहसीलदार को कलेक्टर महासमुंद के नाम पत्र लिखकर अंकित ने मांग की है कि भाजपा सरकार व जिलाधीश प्रति कट्टा या प्रति बोरा कितना धान किसानों से लेना है उसकी लिखित जानकारी तत्काल दें। ताकि, समितियों में भाजपा द्वारा जो किसानों को अतिरिक्त वजन के नाम पर जो लूटा जा रहा है उस पर रोक लगे। आज कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार को किसान याद कर रहा है और भाजपा के झूठे वादों की हकीकत देख रहा है। अंकित ने कहा कि भाजपा सरकार को भूपेश बघेल के समान धान की कीमत बढ़ी हुई दर पर यानी 3100 में 117 रुपए जोड़कर 3217 रुपए प्रति क्विंटल देना चाहिए। पिछले बार की बकाया चौथी किश्त देना चाहिए, धान खरीदी की तिथि बढ़ाना चाहिए व धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी करना चहिए।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं चमन चंद्राकर, महामंत्री हेमेंद्र आचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रशासकीय स्वीकृति से छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मान्यता का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में 1982 से संगठन के पदाधिकारियों का बोलबाला रहा है। वर्ष 2013 में छत्तीसगढ़ फर्म्स एवं संस्थाएं से नवीन पंजीयन के बाद से स्कूल/ट्राइबल शिक्षा विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्गों के अधिकार का आवाज बुलंद करते रहा है। राज्य शासन के नियम अनुसार प्रतिवर्ष सदस्यों की जानकारी छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के धारा-27 में पदाधिकारियों की प्रमाणित सूची तथा ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी धारा-28 प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2019 एवं 2022 को मान्यता दिया था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में संगठन का प्रभाव है। शिक्षक संवर्ग के मुद्दों के जानकार एवं समाधान करने वाले अनुभवी पदाधिकारियों का प्रबंधन है। संगठन के सुझाव अनुसार पाटन (दुर्ग) अधिवेशन में 50 प्रतिशत सीधी भर्ती एवं 50 प्रतिशत पदोन्नति के नियम को संशोधित कर वर्ष 2008 (अराजपत्रित सेवा) तथा 2009 (राजपत्रित सेवा) में 100 प्रतिशत पदोन्नति का भर्ती पदोन्नति नियम स्कूल शिक्षा विभाग ने बनाया था। जिसके कारण वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत शिक्षक रातोंरात पदोन्नत हुए थे। तत्समय शिक्षा सचिव नंद कुमार अधिवेशन के मुख्य अतिथि थे। ट्राइबल विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक/कर्मचारियों का परस्पर हस्तांतरण/संविलियन का आदेश 9 फरवरी 2010 को संगठन के सुझाव अनुसार जारी शिक्षक/कर्मचारी हित में जारी हुआ था। एक विभाग एक भर्ती नियम का अवधारणा संगठन ने सुझाया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा द्वारा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 बनाया गया था। तत्समय शिक्षा प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी थे। इसके अलावा राज्य शासन ने शिक्षक संवर्ग हित के मुद्दों पर अनेक निर्णय संगठन के सुझाव पर लिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला अध्यक्ष चमन चंद्राकर, महामंत्री हेमेंद्र आचार्य के सक्रिय पदाधिकारी/सदस्यों कौशल शुक्ल, मुरलीधर वर्मा, एल कुरील, भेषलाल ठाकुर आदि ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

## नवागांव स्कूल में लगा बाल मेला, ग्रामीणों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक शाला प्रांगण में बाल मेला का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य सेजेस पटेवा समीर चंद्र प्रधान के प्रेरणा, संकुल समन्वय राजू देवांगन के मार्गदर्शन एवं दोनों विद्यालय के समस्त शिक्षकों के सहयोग से बच्चों ने अनेक प्रकार के व्यंजन एवं अन्य सुखे खाद्य वस्तुओं के स्टाल लगाए। गुपचुप, चाट, भेल चना चरपट्टी मैगी, चाइनीज, पकोड़ा, पास्ता, भजिया, समोसा, कचोरी, मोमोज, फल्ली मुर्रा, ब्रेड पकोड़ा, आलू पकोड़ा पास्ता, गुजिया, फ्रूट सलाद, नड्डा, बिस्कुट, चॉकलेट के अलावा मौसमी फल अमरूद पपीता लटर्रा गन्ना और मौसमी सब्जी मूली, टमाटर , धनिया, फूल



गोभी, पत्ता भाजी, लाल भाजी आदि के स्टाल ने लोगों का खूब मन भाया।

गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खूब खरीदारी की। 4 बजे तक बच्चों के सारे सामग्री बिक गए। लोग बच्चों से मोलभाव कर मजा लेते दिखे। बच्चों ने भी काफी उत्साहित होकर उनके प्रश्नों के जवाब दिए। पालकों ने इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष कराने की बात कही। कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ सरपंच गंगाराम दीवान एवं पंचगण, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के अध्यक्ष सुंदरलाल सिन्हा एवं पूरनलाल निषाद एवं सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। संकुल प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे शाला के प्रति बच्चों एवं पालकों को जोड़ने का माध्यम बताया। उन्होंने बच्चों को मिष्ठान खिलाने के लिए 1100 रुपए प्रदान किए। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के सेवानिवृत प्रधान पाठक चमन लाल निर्मलकर, माध्यमिक शाला पटेवा के प्रधान पाठक नंदकुमार निर्मलकर, मुरारी लाल ध्रुव, रोहित काशिव, दुष्यंत सिन्हा, भगवती गायकवाड़, खिलेश्वरी कोसरिया, वासना साहू, ममता कुर्रे, शिक्षकगण मेमन चंद्राकर, अमर साहू, नंद कुमार कोसरे, अमृतलाल निषाद, आशीष ध्रुव, ओम प्रकाश साहू, मनोज सेन, रवि गोस्वामी, रामकृष्ण ठाकुर, गजेंद्र दीवान, कुमार पहाड़िया आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के प्रधान पाठक अरुण साहू एवं प्राथमिक शाला नवागांव के प्रधान पाठक नरेश्वर डड़सेना ने किया।

# चंद्रमा के क्रेटर और बृहस्पति के चार चांद को टेलीस्कोप में देखना रहा रोमांचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में भूगोल परिषद, सूक्ष्म जीव विज्ञान परिषद द्वारा प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार के विशेष मार्गदर्शन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर स्थल पंचायत भवन में 11 दिसंबर को सायं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर व्याख्यान, प्रोजेक्टर द्वारा सोलर सिस्टम की संरचना व गतियां, वैश्विक और राष्ट्रीय विभिन्न अंतरिक्ष अभियानों की, वैज्ञानिक प्रयोगों और प्रयासों की प्रस्तुति महाविद्यालय छात्राओं तथा स्वयंसेवकों के लिए आयोजित किया गया।



एस्ट्रोनॉमी विशेषज्ञ माननीय विश्वास मेश्राम सेवानिवृत अपर कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा व विज्ञान आश्रम कसेकेरा के संयुक्त तत्वावधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थापना एवं बुध शुक्र तथा बृहस्पति ग्रहों को दिखाने का बहुत ही अद्भुत और रोमांचक अवसर महाविद्यालय के छात्राओं को प्रदान कराया तथा व्याख्यान में वैज्ञानिक विचारधारा, खोज आविष्कार-अन्वेषण, अंधविश्वास और कुरीतियों को समाप्त करने की अपील तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थापना के लिए महापुरुषों के विचारधाराओं, उनके संघर्ष और सच्चाइयों को जन जन तक पहुंचाने की मुहिम को सफल बनाने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन तथा बहुत सारे उदाहरणों को बताया। एनएसएस शिविर में उपस्थित महाविद्यालय के छात्राओं से सवाल जवाब कर उनकी शंकाओं को भी दूर किया। भूगोल परिषद से ओम प्रकाश पटेल, जगदीश प्रसाद खटकर, माइक्रोबायोलॉजी परिषद से डॉ. श्वेतलाना नागल, खगेश्वर प्रसाद नवरंगे, एनएसएस प्रभारी डॉ. सरस्वती वर्मा ने संचालन तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस विशेष अवसर पर अन्य संस्थाओं से प्रो.द्युमा लिली दीवान, अध्यापक चित्रा खटकर, उषा मेश्राम, विद्यार्थीगण प्रेषित, स्तुति, कान्हा, गौरी, भूमि तथा महाविद्यालय स्टाफ, सहायक प्राध्यापकों में ओंकार साहू, अरविंद साहू, कविता गहीर, वंदना यादव, तुलसी साहू, प्रेणना एक्का आदि मौजूद रहे। विज्ञानी अतिथि मेश्राम को आभार पत्र तथा एनएसएस प्रभारी ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राम जानकी मंदिर में मनाई गई गीता जयंती

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में अगहन महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी बुधवार को गीता जयंती मनाई गई। मंदिर में प्रातः भगवान कृष्णा की पूजा आरती हुई। श्रीमद्भगवद गीता की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर, सुगंधित फूलों से पूजा कर गीता का पाठ भक्तों द्वारा किया। भक्तों ने विधि विधान पूर्वक गीता का अध्ययन किया। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि आज के दिन भगवदगीता पढ़ना और सुनना बहुत शुभ माना जाता है। भगवदगीता को 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। जिसमें ज्ञानयोग, कर्मयोग तथा भक्तियोग की विवेचना की गई है। इसमें पहले के 6 अध्यायों में कर्मयोग, बाद 6 अध्यायों में ज्ञानयोग और अंतिम 6 अध्यायों में भक्तियोग का उपदेश दिया गया है।

### कॉलेज में व्याख्यान कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय रायपुर के आदेश पर पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई जन्म शताब्दी वर्ष पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 13 दिसंबर को 12 बजे व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल एवं मुख्य वक्ता डॉ. टोपलाल वर्मा प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ होंगे।

### एमए भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 16 को

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय की एमए भूगोल प्रथम/तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 16 दिसंबर को सुबह 8 बजे आयोजित है। सभी छात्रों को अपने प्रायोगिक फाइल एवं प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व उपस्थित होने कहा गया है।

### शहीद स्मारक में विजय दिवस मनाने की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। विजय दिवस पर अमर शहीदों का फोटो लगाई जा रही है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि भारतीय सेना ने दुनिया के सामने अपने शौर्य और पराक्रम के कई प्रतीक स्थापित किए है। और जब पाकिस्तान की सेना चोरों की तरह भारत में घुस आई थी और दुर्गम चोटियों से हमले कर रही थी, तो डरने और भागने के बजाय इंडियन आर्मी ने अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। इस जंग में कई वीरों ने शहादत ली, लेकिन भारत मां पर कोई आंच नहीं आने दी। भारत और पाकिस्तान के युद्ध में भारत की जीत हुई और भारतीय सेना का ऑपरेशन विजय भी सफल रहा है। इस युद्ध में कई वीर सपूतों ने अपने प्राण हंसते-हंसते भारत की शान में न्यौछावर कर दिए। 16 दिसंबर विजय दिवस के दिन देश के वीर सपूतों को याद करते हैं। उनकी कुर्बानी को सम्मान देने के लिए विजय दिवस मनाया जाता है।

**मुहिम : बाल विवाह मुक्त छग अभियान, छात्रों के बीच जागरुकता कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों को बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लगेह के निर्देशन व समीर पांडेय जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्ययोजना अनुसार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार को महासमुंद की परियोजना समन्यवक राजेश्वरी साव द्वारा उपस्थित स्कूली छात्र/छात्राओं को चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में उपस्थित गांव की महिलाओं व गांवों के नागरिकों को विस्तार से जानकारी दिया गया तथा पोषण आहार के बारे में बताया गया। तत्पश्चात खिलेश्वरी चक्रधारी जिला मिशन समन्वयक द्वारा हाड़ाबंद के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के स्कूली छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया था। उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी रोकथाम के लिए जिले में लगातार जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 2बी के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम) तथा वधु (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम) अवयस्क या बच्चे हो, तब उसे बाल विवाह माना जाएगा। बाल-विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है। जिसके पूर्ण रोकथाम के लिए सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं इस कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन-जन को समझाना महत्वपूर्ण है, ताकि इसे प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णतः सुरक्षित रखा जा सके।

18 वर्ष से अधिक आयु का पुरूष, यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा असमें सहायता करता है उसे 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। किसी भी महिला को कारावास का दंड नहीं दिया जा सकता है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए समस्त छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया एवं बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाई गई।

जिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के खेमराज चौधरी ने भी जानकारी दी। तत्पश्चात कीर्ति यदु, केश वर्कर, सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रमसिंग सिंदर एवं डिगेश्वरी साहू (जेंडर विशेषज्ञ), कुलेश्वर राम ध्रुव एवं चित्रलेखा साहू (वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ), सुनीता देशमुख, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्वसहायता समूह, समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा। इसी तरह मंगलवार को देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र अंतर्गत 10 दिसंबर मानव अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर उपस्थित छात्र/छात्राओं को मानव अधिकार दिवस की शपथ दिलाई गई।

# नर्रा स्कूल में हुई ड्राइंग व क्विज प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शालाओं में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में ड्राइंग तथा क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं महतारी वंदन योजना, जलजीवन मिशन, सुकन्या समृद्धि योजना, सरस्वती सायकल योजना, नियद नेल्लार योजना आदि से संबंधित ड्राइंग छात्रों ने बनाई। जिसमें प्रथम मुस्कान पटेल तथा द्वितीय पायल कक्षा बारहवीं रही। ओरल क्विज कंपीटिशन में छत्तीसगढ़ राज्य के भूगोल, राजनीति, संविधान और इतिहास और योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिसमें 27 टीमों में कुल 54 छात्र छात्राओं ने भाग लिए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष टेकराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि विजय शंकर निगम, रूपेंद्र साहू, आशीष गुप्ता सहित कार्यक्रम प्रभारी नीलिमा भोई, तुलाराम दीवान, भूपेंद्र पढ़ियार, पन्नालाल साहू, दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, लेखमणि पटेल, कौशल चक्रधारी, कुसुम साहू, पायल तिवारी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्यायाम शिक्षक कामता प्रसाद साहू ने किया।

# समाजशास्त्र विभाग में शोध साहित्य में पुनरावलोकन विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग में शोध साहित्य में पुनरावलोकन विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि डॉ प्रमिला नागवंशी सहायक प्राध्यापक शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर रही। महाविद्यालय की प्राचार्य करूणा दुबे ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष दिलीप कुमार बढ़ाई ने पुष्प गुच्छ से प्राचार्य का स्वागत किया। दिलीप कुमार बढ़ाई समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि समाजशास्त्र के विद्यार्थियों को समाजिक समस्याओं पर शोध कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य करूणा दुबे ने अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ रीता पांडे इतिहास विभागाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता डॉ प्रमिला नागवंशी ने कहा कि शोध साहित्य का पुनरावलोकन अनुसंधान कार्य में अति महत्वपूर्ण चरण है। यह शोध कार्य में एक मार्गदर्शक की तरह कार्य करता है, जो एक सही दिशा प्रदान करता है। साथ ही समाजशास्त्र विषय का विभिन्न कार्य क्षेत्र में महत्व को बतलाते हुए किन-किन क्षेत्रों में समाजशास्त्र विषय के ज्ञान का उपयोग भविष्य निर्माण के लिए नौकरी पेशा में किया जा सकता है।

इस दौरान मंच पर शिवानी तावेरकर अतिथि सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, चितेश्वरी साहू जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र उपस्थित रही। मंच का संचालन तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ममता मनहरे द्वारा तथा आभार प्रदर्शन शिवानी तावेरकर अतिथि सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# छात्रों ने किया अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, जंगल सफारी पुरखौती मुक्तांगन व कौशल्या मंदिर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं को 11 दिसंबर बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन, चंद्रखुरी माता कौशल्या मंदिर का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में शाला के शिक्षक स्टाफ के साथ कुल 70 बच्चों ने शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम को देखकर बच्चों ने आश्चर्य जताया। जंगल सफारी के खुले वातावरण में शेर, भालू, बाघ, हिरण, बारासिंघा, नीलगाय, मोर को करीब से देखकर बच्चे उत्साहित हुए। साथ ही जू में विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं को देखकर बच्चे प्रसन्न हुए। पुरखौती मुक्तांगन में बने छत्तीसगढ़ की विभिन्न कलाकृतियां, संस्कृति, धरोहर को देखकर बच्चे रोमांचित हुए। कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी का दर्शन कर बच्चों ने भगवान राम के ननिहाल के बारे में उत्सुकता से जाना। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को छत्तीसगढ़ की धरोहर व संस्कृति का अध्ययन कराने के साथ-साथ प्राकृतिक अध्ययन करना भी उद्देश्य था। इस दौरान प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, यशोदा तिवारी, कुंती देवांगन, लक्ष्मी मानिकपुरी, किरण दीवान, किशोर देवांगन, लीनू चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# छात्रों व स्वयंसेवकों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला ईकाई द्वारा 07 से 13 दिसंबर 2024 तक ग्राम मचेवा के शासकीय प्राथमिक शाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बौद्धिक परिचर्चा सत्र विधिक जागरूकता पर आधारित हुआ। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा उपस्थित एनएसएस के छात्राओं एवं स्कूली छात्रों को भविष्य निर्माण अथवा करियर गाइडलाइन, सायबर अपराध एवं उससे सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित होने वाले अपराधों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों तथा विधिक सलाह एवं सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि छात्रों को उनके आगे भविष्य की पढ़ाई तथा बाद कार्य करने संबंधी सलाह लेने से पहले अपनी रूची का पता होना चाहिए, जिससे उनके पसंदीदा विषयों के बारे में बात कर सके। साथ ही यह जानने की कोशिश करे कि वे भविष्य में क्या करना चाहते है। उसी अनुसार अपना आगे की पढ़ाई की जा सकती है। आने वाले उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए सही समय में करियर संबंधी सही जानकारी जरूरी है। जिसके लिए कठिन परिश्रम के साथ ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई से ही संभव है। इसके अलावा सचिव चंद्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिष्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करें। समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियत पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान कराना होता है।

आवश्यकता हैं
हरिभूमि
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिये
आवेदन आमंत्रित है
स्वयं का वाहन आवश्यक
रिपोर्टर, प्रसार प्रतिनिधि - 2
योग्यता - 12वीं से स्नातक, अनुभवती को प्राथमिकता
संपूर्ण बायोडाटा
Resume Email या Whatsapp करें
Cir.haribhoomi@gmail.com
8370049468, 8224035555
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
जिला ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

# खल्लारी स्कूल में हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अविनाश टोप्पो थे। साथ में अधिवक्ता वीरेंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

विद्यालय के प्राचार्य सविता चंद्राकर ने न्यायाधीश अविनाश टोप्पो का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अधिवक्ता वीरेंद्र शुक्ला ने विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम की आवश्यकता, महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शालेय विद्यार्थी देश के भविष्य है। ऐसे में उन्हें कानून की मूलभूत जानकारी होना अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर खल्लारी के इस विद्यालय परिसर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश टोप्पो ने प्रमुखता से छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मानव अधिकार दिवस की विद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित कर कानून की विभिन्न जानकारी देते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत लैंगिक अपराधों के लिए कानून के अनुसार सजा का



प्रावधान है। ऐसे अपराधों में 7 से 10 वर्षों तक सजा या मृत्युदंड भी दिया जा सकता है। उन्होंने सायबर फ्राड के तहत होने वाले समसामयिक अपराधों पर विस्तार से चर्चा के दौरान कहा कि तकनीक के इस युग में सुविधाओं के साथ-साथ जोखिम की संभावना भी रहती है। इसलिए इंटरनेट बैंकिंग का सतर्कता पूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने वाहन चालन के दरम्यान आरसी बुक, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस एवं प्रदूषण मुक्त वाहन का दस्तावेज साथ रखने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने नियमों का पालन करते हुए नाबालिग छात्रों को ड्राइविंग न करने की भी सलाह दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश टोप्पो ने आगे भारतीय संविधान के भाग 3 में उल्लेखित बातों पर विस्तारपूर्वक चर्चा भी की। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने न्यायाधीश अविनाश टोप्पो से विधिक जानकारी के लिए प्रश्न भी पूछे। जिस पर न्यायाधीश ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता लक्ष्मीधर चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य सविता चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य सविता चंद्राकर, सामाजिक कार्यकर्ता तारेश साहू, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमनदास वैष्णव, पूर्व समिति सदस्य मिल्लुराम साहू, इंद्रा कुमार चौहान, विद्यालय के व्याख्याता सुमन चंद्राकर, लक्ष्मीधर चंद्राकर, भूषण सिरमौर, मनोज साहू, देवकुमार साहू, देवेंद्र चंद्राकर, राजेंद्र चौहान, सुभाष साहू, पुरी हरपाल, वंदना कोटांगले, सरोज सिंह मर्सकोले, वेणुका साहू, सोनम अग्रवाल, हेमलता साहू, सोनबती ठाकुर, धनेश्वरी मरकाम अमीन प्रधान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश टोप्पो और अधिवक्ता वीरेंद्र शुक्ला को मां खल्लारी की छायाचित्र प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमनदास वैष्णव ने भेंटकर किया गया।